मुख्य सचिव की अध्यक्षता में डेवेलपमेंट कोर ग्रुप का गठन

चर्चा में क्यों?

20 फरवरी, 2023 को राज्य शासन ने प्रदेश में नक्सल गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण, नक्सल प्रभावित क्षेत्र में विकास कार्यों, केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा तथा जनोन्मुखी विकास के लिये आवश्यक योजनाओं/कार्यक्रमों की स्वीकृति की अनुशंसा किये जाने के लिये मुख्य सचिव की अध्यक्षता में डेवेलपमेंट कोर ग्रुप का गठन किया है।

प्रमुख बिंदु

- मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित इस डेवेलपमेंट कोर ग्रुप की बैठक वर्ष में दो बार होगी।
- समिति में पुलिस महानिदेशक, अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव वन, जल संसाधन, ऊर्जा, गृह, वित्त, लोक निर्माण, आदिम जाति कल्याण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खाद्य एवं महिला बाल विकास, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, स्कूल शिक्षा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक गुप्तवार्ता, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एएनओ, सदस्य होंगे।
- अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास कोर ग्रुप के सदस्य सचिव होंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/development-core-group-constituted-under-the-chairmanship-of-chief-secretary